# INTERMEDIATE EXAMINATION – 2023 (ANNUAL)

**Sub. Code - 306**

**HINDI (Compulsory)**

**समय : 03 घंटा 15 मिनट** **हिन्दी (अनिवार्य)** **पूर्णांक :– 100**

**Time: 03 Hrs. 15 Minutes** **Full Marks : 100**

**I.A.**

**कुल प्रश्नों की संख्या : 100+6 = 106**

**Total no. of Questions : 100+6 = 106**

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–***

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर–पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. इस प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है, **खण्ड–अ** एवं **खण्ड–ब**।
6. खण्ड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 प्रश्नों का ही मूल्यांकन किया जायगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका उत्तर उपलब्ध कराये गये OMR उत्तर–पत्रक में दिये गये सही विकल्प को नीले/काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/तरल

पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का OMR उत्तर–पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।

7. खण्ड–ब में कुल 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं।

**8.** किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

## खण्ड–अ

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR उत्तर–पत्रक पर चिह्नित करें। (50 x 1 =50)

1. ''मैं असहाय विवश बैठी ही रही उठ गया छौना मेरा।'' – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता से है ?

(A) पुत्र–वियोग (B) जन–जन का चेहरा एक

(C) तुमुल कोलाहल कलह में (D) प्यारे नन्हें बेटे को

2. जयप्रकाश नारायण को समाज सेवा के लिए किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?

(A) गाँधी सम्मान से (B) अर्जुन पुरस्कार से

(C) नोबेल पुरस्कार से (D) मैग्सेसे सम्मान से

3. जयप्रकाश नारायण का जन्म–स्थान कहाँ है ?

(A) सिताब दियारा, सारण बिहार (B) मध्य प्रदेश

(C) लमही, वाराणसी (D) इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश

4. रामधारी सिंह दिनकर का जन्म कहाँ हुआ था?

(A) लमही, वाराणसी (B) इटारसी

(C) सिमरिया, बेगूसराय, बिहार (D) राँची, झारखण्ड

5. 'अर्धनारीश्वर' में कल्पित रूप क्या है ?

(A) राम और सीता (B) राधा और कृष्ण

(C) शंकर और पार्वती (D) गणेश और लक्ष्मी

6. 'रामधारी सिंह दिनकर को किस रचना पर 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' मिला था ?

(A) उर्वशी (B) अर्धनारीश्वर

(C) कविता की खोज (D) दिनकर की डायरी

7. 'रोज' शीर्षक कहानी में मालती के पति किस व्यवसाय से जुड़े थे ?

(A) डॉक्टर (B) इंजीनियर

(C) वकील (D) ऑफिसर

8. 'रोज' शीर्षक कहानी में महेश्वर कौन फल लाए थे ?

(A) सेव (B) आम

(C) केला (D) चीकू

9. सन् 1926 ई0 में भगतसिंह ने किस दल का गठन किया था ?

(A) नौजवान भारत सभा (B) नौजवान दल

(C) नवयुवक संघ (D) नवयुवक भारत सभा

10. भगत सिंह किसे अपना आदर्श–पुरूष मानते थे ?

(A) करतार सिंह सराभा (B) स्वर्ण सिंह

(C) गणेश शंकर विद्यार्थी (D) चन्द्रशेखर आजाद

11. 'धाँगड़' किस जगह से आए थे ?

(A) दक्षिण बिहार (B) उड़ीसा

(C) राजस्थान (D) महाराष्ट्र

12. 'बिना फेरे घोड़ा बिगड़ता है और बिना लड़े सिपाही' – यह पंक्ति किस पाठ से है ?

(A) ओ सदानीरा (B) उसने कहा था

(C) जूठन (D) रोज

13. 'सिपाही की माँ' शीर्षक एकांकी में बिशनी चारपाई के पास मोढ़े पर बैठी क्या करती दिखाई देती है ?

(A) सूत कातती (B) स्वेटर बुनती

(C) चटाई बुनती (D) चावल चुनती

14. 'मुन्नी' कौन थी ?

(A) सुखनी की बेटी (B) रजनी की बेटी

(C) शिवनी की बेटी (D) बिशनी की बेटी

15. 'प्रगीत और समाज' शीर्षक निबंध किस निबंध–संग्रह से लिया गया है ?

(A) वाद–विवाद संवाद (C) कहना न होगा

(C) दूसरी परंपरा की खोज (D) आलोचक के मुख से

16. 'कहीं नहीं वहीं' कविता–संग्रह के रचयिता कौन हैं ?

(A) भूषण (B) जयशंकर प्रसाद

(C) रघुवीर सहाय (D) अशोक वाजपेयी

17. हिन्दी साहित्य में गजानन माधव मुक्तिबोध का उदय कैसे कवि के रूप में हुआ ?

(A) प्रयोगवादी (B) प्रगतिवादी

(C) छायावादी (D) प्रपद्यवादी

18. कौन लेखक कांगो के शिक्षामंत्री, वित्तमंत्री एवं प्रधानमंत्री रह चुके हैं ?

(A) हेनरी लोपेज (B) अंतोन चेखव

(C) गाइ–डि–मोपासाँ (D) इनमें से कोई नहीं

19. 'जायसी' का जन्म–स्थान कहाँ है ?

(A) पाटलिपुत्र (B) जायस, कब्र अमेठी

(C) झाँसी (D) अल्मोड़ा

20. 'नाभादास' किस धारा के संत थे ?

(A) वैष्णव दर्शन (B) बौद्ध दर्शन

(C) शैव दर्शन (D) जैन दर्शन

21. 'नाभादास' का स्थायी निवास कहाँ था ?

(A) मथुरा (B) वृंदावन

(C) शांतिवन (D) बोध गया

22. सुभद्रा कुमारी चौहान रचित 'पुत्र–वियोग' शीर्षक कविता कैसी कृति है ?

(A) शोक–गीत (B) विरह–गीत

(C) व्यंग्य (D) हास्य

23. सुभद्रा कुमारी चौहान को 1930 ई0 में हिन्दी साहित्य सम्मेलन का कौन पुरस्कार मिला था ?

(A) सक्सरिया पुरस्कार (B) साहित्य अकादमी

(C) भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार (D) पद्म भूषण

24. ज्ञानेन्द्रपति बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित होकर किस पद पर पदस्थापित हुए ?

(A) कारा अधीक्षक (B) अंचलाधिकारी

(C) पुलिस अधीक्षक (D) जिलाधिकारी

25. 'चिर–विषाद विलीन मन की' – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता से है ?

(A) तुमुल कोलाहल कलह में (B) हार–जीत

(C) पुत्र–वियोग (D) अधिनायक

26. चन्द्रधर शर्मा गुलेरी की रचना निम्न में से कौन है ?

(A) रोज (B) उसने कहा था

(C) जूठन (D) तिरिछ

27. 'नाभादास' की कविता का नाम क्या है ?

(A) कवित्त (B) उषा

(C) हार–जीत (D) छप्पय

28. जयप्रकाश नारायण का निधन कब हुआ था ?

(A) 08 अक्टूबर 1979 ई0 (B) 10 अगस्त 1990 ई0

(C) 25 मई 1985 ई0 (D) 11 जनवरी 1999 ई0

29. रघुवीर सहाय का निधन कब हुआ था ?

(A) 10 दिसम्बर 2010 ई0 (B) 30 दिसम्बर 1990 ई0

(C) 05 फरवरी 2000 ई0 (D) 10 दिसम्बर 1995 ई0

30. 'सुखमय जीवन' के लेखक का नाम क्या है ?

(A) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी (B) ओमप्रकाश वाल्मीकि

(C) मलयज (D) उदयप्रकाश

31. 'पद्मावत' के कवि का नाम क्या है ?

(A) जायसी (B) कबीरदास

(C) तुलसीदास (D) सूरदास

32. 'उर्वशी' के रचयिता का नाम क्या है ?

(A) मोहन राकेश (B) रामधारीसिंह दिनकर

(C) मलयज (D) जे0 कृष्णमूर्ति

33. 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' के रचयिता का नाम क्या है ?

(A) मुक्तिबोध (B) अज्ञेय

(C) दिनकर (D) ज्ञानेन्द्रपति

34. 'दानव दुरात्मा एक, मानव की आत्मा एक।' – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता से है ?

(A) अधिनायक (B) उषा

(C) गाँव का घर (D) जन–जन का चेहरा एक

35. 'पूरब–पश्चिम से आते हैं, नंगे–बूचे नरकंकाल।' – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता से है ?

(A) उषा (B) हार–जीत

(C) अधिनायक (D) पुत्र–वियोग

36. 'तेरी कुड़माई हो गई ?' – यह पंक्ति किस शीर्षक कहानी से है ?

(A) उसने कहा था (B) जूठन

(C) रोज (D) तिरिछ

37. 'अज्ञेय' रचित पठित पाठ का नाम क्या है ?

(A) रोज (B) शिक्षा

(C) तिरिछ (D) ओ सदानीरा

38. ओमप्रकश वाल्मीकि रचित आत्मकथा का नाम क्या है ?

(A) सिपाही की माँ
(B) प्रगीत और समाज
(C) जूठन
(D) तिरिछ

39. विनोद कुमार शुक्ल रचित कविता का नाम बतावें ?

(A) प्यारे नन्हें बेटे को
(B) छप्पय
(C) उषा
(D) अधिनायक

40. ज्ञानेन्द्रपति रचित कविता का नाम क्या है ?

(A) हार–जीत
(B) गाँव का घर
(C) उषा
(D) पुत्र–वियोग

41. लहना सिंह किस कहानी का पात्र है ?

(A) रोज
(B) तिरिछ
(C) उसने कहा था
(D) इनमें से कोई नहीं

42. महेश्वर किस कहानी का पात्र है ?

(A) उसने कहा था
(B) रोज
(C) तिरिछ
(D) इसमें से कोई नहीं

43. ब्रजराज कुँवर किस कविता का पात्र है ?

(A) सूर के पद
(B) तुलसी के पद
(C) छप्पय
(D) कड़बक

44. 'छत्रसाल' किस कविता का पात्र है ?

(A) कवित्त
(B) कड़बक
(C) अधिनायक
(D) उषा

45. रामधारी सिंह दिनकर किस काल के कवि है ?

(A) आधुनिक काल (B) भक्ति काल

(C) रीतिकाल (D) आदिकाल

46. 'जायसी' किस काल के कवि हैं ?

(A) आदिकाल (B) भक्तिकाल

(C) रीतिकाल (D) आधुनिक काल

47. 'ओ सदानीरा' शीर्षक पाठ हिंदी साहित्य की कौन विधा है ?

(A) एकांकी (B) यात्रा–वृतांत

(C) निबंध (D) कहानी

48. 'हँसते हुए मेरा अकेलापन' शीर्षक पाठ हिन्दी साहित्य की कौन विधा है ?

(A) कहानी (B) नाटक

(C) निबंध (D) डायरी

49. 'कड़बक' शीर्षक कविता किस महाकाव्य का अंश है ?

(A) पद्मावत (B) कामायनी

(C) मुकुल (D) सूरसागर

50. 'सूरदास के दोनों पद' किस महाकाव्य के अंश हैं ?

(A) कामायनी (B) सूरसागर

(C) रामचरितमानस (D) पद्मावत

51. 'पुत्र–वियोग' शीर्षक कविता किस प्रतिनिधि काव्य का अंश है ?

(A) मुकुल (B) कामायनी

(C) पद्मावत (D) सूरसागर

52. 'तारसप्तक' के संपादक कौन हैं ?

(A) मोहन राकेश (B) बालकृष्ण भट्ट

(C) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी (D) अज्ञेय

53. टिटी की माँ का नाम क्या है ?

(A) शीला (B) नीलम

(C) मालती (D) संजना

54. हमें जीवन और मृत्यु के विषय में किस रीति से सोचना चाहिए ?

(A) आध्यात्मिक रीति से (B) भौतिकवादी रीति से

(C) अतिवादी रीति से (D) प्रकृतिवादी रीति से

55. 'सर्वव्यापी' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) बिल्कुल (B) सयाना

(C) हर जगह व्याप्त (D) निर्बलता

56. 'आँख लगना'–मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(A) नींद आना (B) मृत्यु होना

(C) प्रेम होना (D) आशंका होना

57. 'ईमान बेचना' – मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(A) धोखा देना (B) गलत काम करना

(C) याराना तोड़ना (D) अपने कर्त्तव्य से हट जाना

58. 'कमर टूटना' – मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(A) निराश्रय होना (B) निरूत्साह होना

(C) आर्थिक स्थिति खराब होना (D) अपंग होना

59. 'तीन तेरह होना' – मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(A) सिद्धांतहीन
(B) टालमटोल करना
(C) पराजित करना
(D) बिखर जाना

60. दाँत खट्टे करना' मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(A) बहुत ठण्ड पड़ना
(B) पराजित करना
(C) मुँह का स्वाद बिगड़ना
(D) बेइज्जत करना

61. 'उपवन' शब्द में उपसर्ग क्या है ?

(A) उप
(B) ऊप
(C) उ
(D) अप

62. 'बेईमान' शब्द में उपसर्ग क्या है ?

(A) बे
(B) बेइ
(C) बेइन
(D) बेइमा

63. 'अंकुरित' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(A) अ
(B) रित
(C) इत
(D) त

64. 'बड़प्पन' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(A) अन
(B) पन
(C) न
(D) अप्पन

65. 'ख' का उच्चारण–स्थान क्या है ?

(A) कंठ
(B) तालु
(C) दंत
(D) ओष्ठ

66. 'ण' का उच्चारण–स्थान क्या है ?

(A) मूर्द्धा
(B) तालु
(C) दंत
(D) ओष्ठ

67. 'छ' का उच्चारण–स्थान क्या है ?

(A) तालु
(B) दंत
(C) ओष्ठ
(D) मूर्द्धा

68. 'भ' का उच्चारण–स्थान क्या है ?

(A) तालु
(B) दंत
(C) मूर्द्धा
(D) ओष्ठ

69. 'शहर' शब्द क्या है ?

(A) पुंलिंग
(B) स्त्रीलिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं।

70. 'आयु' शब्द क्या है ?

(A) स्त्रीलिंग
(B) पुंलिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं।

71. 'आत्मा' शब्द क्या है ?

(A) पुंलिंग
(B) स्त्रीलिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं।

72. 'अनुराग' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) प्रेम
(B) वैराग्य
(C) राग
(D) विराग

73. 'कृष्ण' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) शुक्ल (B) सफेद

(C) उजला (D) काला

74. 'स्थावर' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) जंगम (B) स्थिर

(C) सरल (D) बड़ा

75. 'स्तुति' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) द्वेष (B) शिकायत

(C) निन्दा (D) दोष

76. 'आकर्षण' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) विकर्षण (B) सुदर्शन

(C) पराकर्षण (D) घर्षण

77. 'स्वर्ण' शब्द का विशेषण क्या होगा ?

(A) स्वर्णिम (B) स्वर्णाभ

(C) सुवर्ण (D) स्वर्णकार

78. 'जगत' शब्द का विशेषण क्या होगा ?

(A) जगदीश (B) जागतिक

(C) जागना (D) जग

79. 'दिन' शब्द का विशेषण क्या होगा ?

(A) दैनिक (B) दिनकर

(C) दिनभर (D) सुदिन

80. 'पुराण' शब्द का विशेषण क्या होगा ?

(A) पुराणीक (B) पुराना

(C) पौराणिक (D) धार्मिक

81. 'विशेषण' के कितने भेद होते हैं ?

(A) दो (B) चार

(C) छः (D) आठ

82. निम्न में से संख्यावाचक विशेषण कौन है ?

(A) सौ (B) नया

(C) अधिक (D) कम

83. 'यथासाध्य' शब्द कौन समास है ?

(A) द्विगु (B) बहुव्रीहि

(C) अव्ययीभाव (D) तत्पुरूष

84. 'नरसिंह' शब्द कौन समास है ?

(A) कर्मधारय (B) तत्पुरूष

(C) द्वन्द्व (D) बहुव्रीहि

85. 'पृथ्वी शब्द का पर्यायवाची क्या है ?

(A) भूमि (B) भूपति

(C) भूधर (D) पाथेय

86. 'गणेश' शब्द का पर्यायवाची क्या है ?

(A) गिरिजाशंकर (B) गिरिजा नंदन

(C) गिरीश (D) गिरिजा

87. 'नदी' शब्द का पर्यायवाची कौन नहीं है ?

(A) भागीरथी (B) तटिनी

(C) तरंगिनी (D) आपगा

88. 'भौंरा' शब्द का पर्यायवाची क्या है ?

(A) मधुप (B) रसाल

(C) सौरभ (D) मकर

89. 'स्वागत' शब्द का संधि–विच्छेद क्या है ?

(A) सु + आगत (B) स्व + आगत

(C) स्वा + गत (D) स्वाग + त

90. 'गायक' शब्द का संधि–विच्छेद क्या है ?

(A) गा + अक (B) गे + अक

(C) गै + अक (D) गा + यक

91. 'परमार्थ' शब्द का संधि–विच्छेद क्या है ?

(A) पर + मार्थ (B) परमा + अर्थ

(C) परम + अर्थ (D) पर + अर्थ

92. 'पावन' शब्द में कौन संधि है ?

(A) अयादि संधि (B) गुण संधि

(C) व्यंजन संधि (D) वृद्धि संधि

93. 'भीड़' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) जातिवाचक (B) समूहवाचक

(C) भाववाचक (D) द्रव्यवाचक

94. 'संज्ञा' के कितने भेद होते हैं ?

(A) दो (B) चार

(C) पाँच (D) आठ

95. 'कुर्सी' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) जातिवाचक (B) व्यक्तिवाचक

(C) भाववाचक (D) समूहवाचक

96. 'दूध' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) जातिवाचक (B) द्रव्यवाचक

(C) समूहवाचक (D) भाववाचक

97. 'मनुष्यता' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) भाववाचक (B) द्रव्यवाचक

(C) समूहवाचक (D) व्यक्तिवाचक

98. 'महोदय' शब्द कौन समास है ?

(A) तत्पुरूष (B) कर्मधारय

(C) बहुव्रीहि (D) द्विगु

99. 'भाई–बहन' शब्द कौन समास है ?

(A) द्विगु (B) द्वन्द्व

(C) कर्मधारय (D) बहुव्रीहि

100. 'पंचानन' शब्द कौन समास है ?

(A) द्वन्द्व (B) द्विगु

(C) तत्पुरूष (D) कर्मधारय

## खण्ड – ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिये : 1X8=8

   (i) मेरी प्रिय पुस्तक : रामचरितमानस

   (ii) मेरा प्रिय खेल

   (iii) भ्रष्टाचार

   (iv) शराबबन्दी

   (v) मोबाईल और विद्यार्थी

   (vi) दहेज–उन्मूलन

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या करें : 2X4=8

   (i) ''सच है, जबतक मनुष्य बोलता नहीं तब तक
   उसका गुण–दोष प्रकट नहीं होता।''

   (ii) ''मृत्यु के कुछ समय पहले स्मृति बहुत साफ हो जाती है।''

   (iii) आपुन खात, नंद–मुख नावत, सो छबि कहत न बनियाँ।
   जो रस नंद–जसोदा बिलसत, नहिं तिहूँ भुवनियाँ।

   (iv) कलि कराल दुकाल दारून, सब कुभाँति कुसाजु।
   नीच जन मन ऊँच, जैसी कोढ़ में की खाजु।।

3. अपने प्रधानाचार्य के पास एक आवेदन–पत्र लिखें, जिसमें किसी पर्यटन स्थल पर ले जाने का अनुरोध हो। 1X5=5

अथवा

सड़क की जर्जर स्थिति के बारे में अपने वार्ड आयुक्त को एक पत्र लिखें।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के उत्तर दें – 5X2=10

(i) अगर हम में वाक्शक्ति न होती, तो क्या होता ?

(ii) 'उसने कहा था' शीर्षक कहानी का केंद्रीय भाव क्या है ?

(iii) भ्रष्टाचार की जड़ क्या है ?

(iv) प्रवृत्ति मार्ग और निवृत्ति मार्ग क्या है ?

(v) कवयित्री स्वयं को असहाय और विवश क्यों कहती हैं ?

(vi) 'राख से लीपा हुआ चौका' के द्वारा कवि ने क्या कहना चाहा है ?

(vii) कवि ने सितारे को भयानक क्यों कहा है ?

सितारे का इशारा किस ओर है ?

(viii) नदियों की वेदना का क्या कारण है ?

(ix) हरचरना कौन है ? उसकी क्या पहचान है ?

(x) बिटिया कहाँ–कहाँ लोहा पहचान पाती है ?

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन का उत्तर दें : 3X5=15

(i) 'उसने कहा था' शीर्षक कहानी का सारांश लिखिए।

(ii) 'जूठन' शीर्षक पाठ का सारांश लिखिए।

(iii) शिक्षा का क्या अर्थ है ? इसके कार्य एवं उपयोगिता को स्पष्ट कीजिए।

(iv) 'तुमुल कोलाहल कलह में' शीर्षक कविता का संक्षेप में भावार्थ लिखिए।

(v) 'कड़बक' शीर्षक कविता का भावार्थ लिखिए।

(vi) 'पंच–परमेश्वर' के खो जाने को लेकर कवि चिंतित क्यों है ?

6. निम्नलिखित अवतरणों में से किसी एक का संक्षेपण कीजिए : 1X4=4

(i) विद्वानों ने चरित्र–निर्माण को जीवन की सफलता की कुंजी कहा है। जीवन में सफल होने के लिए चरित्र–निर्माण एक महत्त्वपूर्ण शर्त्त है। चरित्र–निर्माण से मनुष्य के भीतर ऐसी शक्ति का विकास होता है, जो उसे जीवन–संघर्ष से जूझना तथा सफल होना सिखलाती है। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी का जीवन महान चारित्रिक गुणों का एक ऐसा जीता–जागता आईना है, जिसमें कोई भी व्यक्ति अपने आपको देख सकता है तथा सफलता के गुर सीख सकता है। उन्होंने सत्य वचन बोलने, बुरा नहीं सुनने तथा बुरा नहीं बोलने की आवश्यकता पर बल दिया था। आज के छात्रों को इन चारित्रिक गुणों को अपनाना चाहिए, तभी वे जीवन में पूरी तरह सफल हो सकते हैं ?

(ii) युवा वर्ग का मस्तिष्क नई–नई बातों की ओर ज्यादा तेज दौड़ता है। उसमें अन्य वर्ग के व्यक्तियों से अधिक आवेश और शक्ति होती है। इस अवस्था में यदि सही दिशा, शिक्षा और उचित मार्गदर्शन न मिले तो यही शक्ति और प्रेरणा निर्माण के स्थान पर विनाश की ओर ले जाती है। बिगड़ने और बनने की भी यही आयु होती है। दुर्भाग्य से हमारे देश में शिक्षा–पद्धति केवल उपाधि बाँटने का काम ही करती है, एक संपूर्ण व्यक्तित्व वाला मनुष्य बनाना आज की शिक्षा–पद्धति के लिए मुश्किल है।